नवभारत

सीएसआईआर-नीरी ने मनाई डॉ. आम्बेडकर जयंती

■ **नागपुर,** व्यापार संवाददाता. सीएसआईआर-राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-नीरी) द्वारा डॉ. आम्बेडकर जयंती मनाई गई. मुख्य अतिथि भारत संचार निगम लि. नागपुर, दूरसंचार परिमंडल के प्रधान महाप्रबंधक यश पान्हेकर ने कहा कि डॉ. बाबासाहब आम्बेडकर का कार्य आज भी प्रासंगिक है. उन्होंने विविध चुनौतियों का सामना करने के बावजूद सफलता हासिल की. उन्होंने एक विशिष्ट उद्देश्य के साथ शिक्षा प्राप्त की और अपने काम के लिए उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली है. आम्बेडकर ने वंचितों, मजदूरों और महिलाओं के अधिकारों की वकालत की. सीएसआईआर-नीरी के निदेशक डॉ. अतुल वैद्य ने समाज और अर्थव्यवस्था में डॉ. आम्बेडकर के योगदान को याद किया. उन्होंने सभी से राष्ट्र की प्रगति के लिए डॉ. आम्बेडकर के दृष्टिकोण और मिशन को आगे बढ़ाने का आग्रह किया. इस अवसर पर मुख्य वैज्ञानिक डॉ. एमपी पाटिल, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. शारदा कोसनकर सहित अन्य उपस्थित थे.

Nagpur Edition
15-april-2024 Page No. 4
epaper.enavabharat.com